कोटद्वार, गुरूवार
19 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 143 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

मां–बेटी की गोली मारकर हत्या का आरोपी दोषी करार

विकासनगर। विकासनगर क्षेत्र के भीमावाला क्षेत्र में घर में घुसकर मां–बेटी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नंदन सिंह राणा की अदालत ने दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा बीस सितंबर को सुनाई जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से 31 गवाह पेश किए थे। मामला वर्ष 2017 का भीमावाला चुंगी क्षेत्र का है। शासकीय अधिवक्ता नरेश चंद्र बहुगुणा ने बताया कि पांच जून 2006 को ज्योति विश्वास निवासी भीमावाला चुंगी ने कोतवाली विकासनगर में तहरीर दी थी। तहरीर में ज्योति ने बताया कि वह अपनी मां काकूली और बड़ी बहन वैशाली के साथ अपने घर पर थीं। भाई विश्वजीत काम से डाकपत्थर गया हुआ था। इसी दौरान शाम को करीब साढ़े छह बजे मोहल्ले में मोबाइल की दुकान चलाने वाला आनंद परवाल निवासी चिरंजीपुर दांडी उनके घर में जबरदस्ती घुस गया और झगड़ा करने लगा। कहने लगा कि उसे वैशाली से बात करने दो। इसी दौरान उसने भाई को फोन कर घर आने को कहा। तभी आरोपी ने उनकी मां को अंदर वाले कमरे में गोली मार दी। साथ ही बहन को भी अंदर वाले कमरे में ले जाकर गोली मार दी। बताया कि आरोपी से पिस्तौल छीनने की कोशिश की तो उसने उसे भी गोली मारने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी ने उसके सिर से पिस्तौल की बट से मारा और मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को उसी दिन तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया था। फोरेंसिक जांच में मां–बेटी की हत्या आरोपी आनंद के तमंचे से चली गोली से होना साबित हुआ। बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नंदन सिंह राणा की अदालत ने आरोपी को मां–बेटी की हत्या का दोषी करार दिया। मामले में सजा आगामी बीस सितंबर को सुनाई जाएगी।

अतिवृष्टि के प्रभावितों हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से 56.30 लाख की धनराशि स्वीकृत

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस वर्ष 31 जुलाई को केदारनाथ क्षेत्र में अतिवृष्टि से लिनचोली से सोनप्रयाग तक पैदल तथा मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने से विभिन्न प्रभावित व्यवसायियों को 56.30 लाख की राहत राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से किये जाने की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री द्वारा इससे पूर्व भी प्रभावित व्यवसायियों के लिए 9 करोड़ 08 लाख की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है।सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली द्वारा जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके अनुरोध पर 56.30 लाख की धनराशि और स्वीकृत की गई है। यह धनराशि पूर्व में स्वीकृत 9 करोड़ 08 लाख के अतिरिक्त है। सचिव मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्ताव के संदर्भ में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त मुख्यमंत्री के निर्देश पर निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से लिनचोली से सोनप्रयाग तक के अतिवृष्टि के प्रभावितों की क्षतिपूर्ति हेतु जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग से प्राप्त प्रस्तावानुसार उपरोक्त धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि स्वीकृत धनराशि का भुगतान प्रभावितों को करने से पूर्व प्रकरणों का संगत शासनादेशों में किये गए प्रावधानों के तहत परीक्षण तथा प्रभावितों का नियमानुसार सत्यापन करने के उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होने पर भुगतान यथासंभव ई–बैंकिंग के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा। जहां ई–बैंकिंग की सुविधा न हो, वहां धनराशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वितरित की जाएगी।

राहुल गांधी को लेकर बयानबाजी पर बवाल

दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दिए गए बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

अमेरिका में राहुल के बयान के बाद सियासी बवाल

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आपको बता दें कि हाल में अपने अमेरिका दौरे के दौरान राहुल ने कुछ ऐसे बयान दिए थे जिससे सिसायी बवाल शुरू हो गया। पलटवार में भाजपा और एनडीए के नेताओं की ओर से भी बयान दिए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग को भेजी शिकायत की प्रति

कांग्रेस की शिकायत में केन्द्रीय मंत्री रववनीत सिंह बिट्टू के अलावा बीजेपी नेता तरविंदर सिंह मारवाह, शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ और उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह का भी नाम है। शिकायत की एक प्रति भारत निर्वाचन आयोग को भी भेजी गई है।

जम्मू कश्मीर में विकास का नया अध्याय हुआ शुरू : मुख्यमंत्री

– मुख्यमंत्री धामी ने की जम्मू कश्मीर के बनी विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी जीवन लाल के समर्थन में जनसभाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के बनी विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी जीवन लाल के समर्थन में जनसभाएं की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में विकास का नया अध्याय शुरूहुआ है। सुरक्षित व समृद्ध जम्मू कश्मीर का निर्माण ही मोदी की गारंटी है। धामी ने पहली जनसभा मंजिरी पार्क और दूसरी मछेड़ी छिंज ग्राउंड में की। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर विकास और शांति की ओर आगे बढ़ा है। मोदी के नेतृत्व में धारा 370 को समाप्त करने के बाद जम्मू–कश्मीर में विकास की नई लहर आई है। जिसका सीधा लाभ जम्मू की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज जम्मू कश्मीर में आने वाले पर्यटकों की संख्या ढ़ाई गुना से ज्यादा बढ़ गई है। आतंकवाद अंतिम चरण में है, दूसरी ओर कांग्रेस, पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस जैसे दल की अलगाववाद, धारा 370 को वापस लाने के वादे हैं। कहा कि जम्मू कश्मीर को विपक्षी दलों ने 30 वर्षो से आतंकवाद और अलगाववाद की भेट चढ़ा दिया है। कांग्रेस, पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं ने जम्मू कश्मीर को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेला।

बदरीनाथ के पूर्व रावल ने किए केदारनाथ के दर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : बदरीनाथ धाम के पूर्व रावल ईश्वरी प्रसाद नम्बूदरी बुधवार को केदारनाथ धाम पहुंचे। जहां पर उन्होंने बाबा केदारनाथ की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर के मुख्य पुजारी से भी मुलाकात की। केदारनाथ पहुंचने पर उनका केदारसभा की ओर से तीर्थपुरोहितों ने स्वागत किया। बुधवार सुबह बदरीनाथ धाम के पूर्व रावल ईश्वरी प्रसाद नम्बूदरी केदारनाथ धाम पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर के गर्भ गृह में जाकर भगवान केदारनाथ की पूजा अर्चना की। बाबा केदार का जलाभिषेक किया। दिव्य धाम में पहुंचकर उन्होंने पूजा अर्चना के बाद तीर्थपुरोहितों और केदारनाथ के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बाबा केदार सब पर कृपा बनाएं रखे। उन्होंने भगवान भैरवानाथ की पूजा भी की। इस मौके पर केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में तीर्थपुरोहितों द्वारा फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी शिवशंकर लिंग, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, बीकेटीसी के प्रभारी युध्दवीर पुष्पवान, लक्ष्मीनारायण जुगरान, उमेश चन्द्र पोस्ती, अंकित सेमवाल, आचार्य स्वयम्बर सेमवाल, पंकज शुक्ला, रोशन त्रिवेदी, नवीन शुक्ला, ललित त्रिवेदी, कुलदीप धर्मवान, विक्रम रावत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही बदरीनाथ के ब्रह्म कपाल में पहुंचने लगे श्रद्धालु

चमोली : बदरीनाथ धाम के ब्रह्म कपाल तीर्थ में पित्रों का पिंडदान और उन्हें तर्पण देने का शास्त्रीय विधान और मान्यता है। श्राद्ध पक्ष में भारत के अलावा विदेशों से भी श्रद्धालु आस्था, श्रद्धा से अपने पित्रों का पिंडदान और तर्पण करने यहां पहुंच रहे हैं। ब्रह्मकपाल तीर्थ पुरोहित अध्यक्ष उमेश सती का कहना है कि श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही बदरीनाथ धाम स्थित ब्रह्म कपाल में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। ब्रह्म कपाल में पितरों को पिंडदान का विशेष महात्म्य है। बताते हैं भारत और नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों से तो श्रद्धालु अपने पूर्वजों का स्मरण, तर्पण और पिंडदान करने ब्रह्म कपाल में आते ही हैं। सनातन धर्म की गहरी मान्यता से प्रभावित होकर अब विदेशों से भी श्रद्धालु यहाँ आकर विधि विधान से अपने पित्रों का पिंडदान करते हैं तर्पण देते हैं। बताया स्कंदपुराण में इस पवित्र स्थान को गया से आठ गुना अधिक फलदायी तीर्थ कहा गया है। बदरीनाथ धाम से पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित ब्रह्मकपाल में अलकनंदा किनारे एक विशाल शिला मौजूद है। जहां हवन कुंड में पितरों के उद्धार के लिए पिंडदान कर हवन क्रिया की जाती है। तीर्थ पुरोहित विवेक सती, अजय सती, सुबोध हटवाल बताते हैं कि यदि किसी व्यक्ति की अकाल मृत्यु हो जाए। तो ब्रह्मकपाल में श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करने से दिवगंत की आत्मा को शांति मिलती है। बदरीनाथ मंदिर के पूर्व धर्माधिकारी भुवन उनियाल और पंडित उमेश सती कहते हैं कि तर्पण करने से पहले तप्तकुंड में स्नान करने के बाद तीर्थ पुरोहित के साथ ब्रह्म कपाल में पितरों का ध्यान किया जाता है। पितरों को श्रद्धा भक्ति से पूजने पर धन-धान्य में वृद्धि होती है। पितरों का श्राप देवताओं से भी अधिक कष्टकारी होता है।

ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हुए थे भगवान शिव

पौराणिक मान्यता है कि सृष्टि की उत्पति के समय कारणवश भोलेनाथ ने गुस्से में आकर ब्रह्मा के पांच सिरों में से एक को त्रिशूल के वार से काट दिया। तब ब्रह्मा के सिर त्रिशूल पर ही चिपक गए थे। ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए जब भोलेनाथ पृथ्वी लोक के भ्रमण पर गए तो बदरीनाथ से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर त्रिशूल से ब्रह्मा का सिर जमीन पर गिर गया। तभी से यह स्थान ब्रह्म कपाल के रुप में प्रसिद्ध हुआ। शिव भी इसी स्थान पर ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हुए थे। गो हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए स्वर्ग की ओर जा रहे पांडवों ने भी इसी स्थान पर अपने पितरों को तर्पण दिया था।

मरीजों को राहत, डॉक्टरों ने 10 दिन के लिए टाली हड़ताल

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर अपर सचिव से हुई पीएमएचएस की वार्ता, एसडीएसीपी

देहरादून। प्रदेश के सरकारी डॉक्टरों ने मरीजों को बड़ी राहत देते हुए 23 सितंबर से प्रस्तावित हड़ताल 10 दिन के लिए टाल दी है। अपर सचिव स्वास्थ्य अनुराधा पाल के साथ सचिवालय में हुई वार्ता के बाद प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संघ ने बुधवार को यह निर्णय लिया।

डॉक्टरों की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बुधवार को पीएमएचएस के प्रतिनिधियों से फोन पर वार्ता की। उन्होंने स्वीकार किया कि शासनादेश हो जाने के बावजूद डॉक्टरों को डीएसीपी का लाभ न मिलना गलत है और इस संदर्भ में जल्द कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर अपर सचिव अनुराधा पाल ने पीएमएचएस के प्रतिनिधि मंडल को सचिवालय में वार्ता के लिए बुलाया। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज वर्मा, उपाध्यक्ष मुख्यालय डॉ तुहिन कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष दंत डॉ. प्रियंका सिंह और देहरादून के जिला अध्यक्ष डॉ बिमलेश जोशी के साथ हुई वार्ता में यह तय किया गया कि एक सप्ताह के भीतर डॉक्टरों की एसडीएसीपी संबंधी मांग पर कार्रवाई कर ली जाएगी। इसके साथ ही डीपीसी के प्रकरणों पर भी जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। बैठक में महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ तारा आर्य, संयुक्त निदेशक डॉ अजीत मोहन जौहरी सहित विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

सचिव स्वास्थ्य ने भी लगाई अफसरों को फटकार

डॉक्टरों की मांगों पर हो रही अनावश्यक देरी पर सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने भी महानिदेशाल के अफसरों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि एसडीएसीपी के साथ ही डॉक्टरों की अन्य मांगों पर भी जल्द कार्रवाई की जाए। विदित है कि सरकारी डॉक्टर मसूरी, अल्मोड़ा, नैनीताल, टिहरी जिला अस्पताल को पूर्व की भांति दुर्गम घोषित किए जाने, मासिक वाहन भत्ता देने, अधिसंख्य दंत चिकित्सकों का समायोजन किए जाने, पीजी करने जाने वाले डॉक्टरों को पूरा वेतन देने के साथ ही सुरक्षा संबंधी मांगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सचिव स्वास्थ्य ने बुधवार को डॉक्टरों की इन सभी मांगों पर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

हल्का पड़ सकता है मानसून, विदाई को अभी इंतजार

देहरादून। उत्तराखंड में बादलों के डेरे के बीच ज्यादातर क्षेत्रों में बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। हालांकि, अब अगले कुछ दिन प्रदेश में वर्षा का क्रम धीमा पड़ सकता है। हालांकि, सितंबर अंत तक प्रदेश में कहीं–कहीं बौछारें पड़ने का सिलसिला बना रह सकता है। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में मानसून के उत्तराखंड से विदा होने के आसार हैं। बीते वर्ष भी मानसून की विदाई निर्धारित समय से करीब एक सप्ताह विलंभ से हुई थी।

सामान्यतः उत्तराखंड में मानसून जून के अंत में प्रवेश करता है और सितंबर अंत में विदा हो जाता है। लेकिन, बीते कुछ वर्षों से यह क्रम कुछ आगे बढ़ा है। एक जून से 30 सितंबर तक मानसून सीजन माना जाता है। हालांकि, अब अक्टूबर प्रथम या दूसरे सप्ताह तक भी मानसून सक्रिय रहने लगा है। इस बार भी अभी देश से मानसून की विदाई शुरू नहीं हुई है।

मोदी सरकार ने किसानों के लिए खोला खजाना

● 'पीएम–आशा' योजना रहेगी जारी, खाद पर सब्सिडी को भी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों के हित में दो बड़े फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम–आशा) योजना को जारी रखा जाएगा। साथ ही रबी मौसम के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी को भी मंजूर कर लिया गया है। दोनों योजनाओं पर लगभग 60 हजार करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

35 हजार करोड़ का आएगा खर्च

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के साथ ही उपभोक्ताओं को राहत देने के प्रयासों के तहत पीएम–आशा योजना को जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इस पर 35 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

भंडारण पर खर्च

इससे मूल्य को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। इन पैसों को किसी फसल के ज्यादा उत्पादन के कारण कीमतों में उतार–चढ़ाव को थामने के लिए भंडारण पर खर्च किया जाएगा। इस मद में 15वें वित्त आयोग के दौरान 2025–26 तक कुल वित्तीय व्यय 35 हजार करोड़ रुपये होगा।

किसानों को राहत

विपरीत स्थितियों में किसानों एवं उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजनाओं को पीएम–आशा में समायोजित किया गया है।

फसलों की अधिक खरीद

मूल्य समर्थन योजना के तहत एमएसपी पर अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद राष्ट्रीय उत्पादन का 25 प्रतिशत होगी, जिससे राज्यों को लाभकारी मूल्य दिलाने और संकटपूर्ण बिक्री को रोकने के लिए किसानों से एमएसपी पर इन फसलों की अधिक खरीद करने में मदद मिलेगी। हालांकि वर्ष 2024–25 के लिए तुअर, उड़द एवं मसूर के मामले में यह सीमा लागू नहीं होगी, क्योंकि इन दालों की एमएसपी पर सौ प्रतिशत खरीदारी का निर्णय सरकार ने पहले ही ले लिया है।

किसानों को रियायती दर पर मिलती रहेगी उर्वरक

मंत्रिमंडल ने रबी फसल सत्र (2024) के लिए फास्फेटिक और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी की दरें तय करने के उद्देश्य से रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इस पर 24,475 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे उर्वरकों के मूल्य में हालिया रुझान को देखते हुए फास्फेटिक एवं पोटैसिक उर्वरकों पर सब्सिडी को तर्कसंगत बनाया जाएगा।

मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत, एक घायल

श्रीनगर गढ़वाल।कीर्तिनगर से लगभग 17 किमी दूर और दुगड्डा से लगभग आठ किमी दूर डोबलिया काटल पर बोलेरो मैक्स वाहन अचानक अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरे खड्ड में गिर गया। जिससे वाहन में बैठे तीन यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक घायल 29 वर्षीय अमरोली गांव निवासी मनोज को इलाज के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे कोतवाल देवराज शर्मा ने बताया कि इस दुर्घटना में न्यूली गांव निवासी 36 वर्षीय पंकज, अमरोली गांव निवासी 40 वर्षीय रमेश लाल और अमरोली निवासी ही 31 वर्षीय गणेश मियां ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

अवैध होर्डिंग मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी

नैनीताल। देहरादून नगर निगम में होर्डिंग और यूनिपोल टेंडर प्रक्रिया में हुई अनियमितता की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई के संबंध में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई तीन दिसंबर को तय की गई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी और न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई की। देहरादून नगर निगम की तरफ से कहा गया कि कोर्ट के आदेश के बाद जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट सरकार को सौप दीं थी, लेकिन अभी तक रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। देहरादून निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस नेता अभिनव थापर ने मामले में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में 2013 से 2023 तक देहरादून नगर निगम में होर्डिंग एवं यूनिपोल की टेंडर प्रक्रिया में कई तरह की अनियमितताएं हुई हैं। इससे नगर निगम को करीब 300 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। 11 अगस्त 2023 को थापर ने इसकी शिकायत मेयर और सचिव शहरी विकास से की थी। शिकायत में बताया था कि 325 अवैध होर्डिंगस की वसूली किसने की और कौन इन्हें बेच रहा है, इसकी जांच कराई जाए। लेकिन अभी तक उनकी शिकायत पर कोई निर्णय नहीं लिया। जबकि 2019 में नगर निगम ने एक कमेटी बनाकर इसका सर्वे भी कराया और 325 होर्डिंग अवैध पाई गईं। याचिका में कहा है कि इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। थापर ने जनहित याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच करने के आदेश राज्य सरकार को दिए जाएं।

केजरीवाल छोड़ेंगे सभी सुविधाएं, सरकारी घर भी करेंगे खाली

आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री पद से मिलने वाली सभी सुविधाएं भी अगले 15 दिनों में छोड़ देंगे। इसमें आवास के साथ दिल्ली पुलिस से मिलने वाली सुरक्षा भी शामिल हैं। पार्टी की तरफ से अभी केजरीवाल के नए आवास पर कुछ नही बताया गया है, लेकिन उनका आशियाना एनडीएमसी इलाके में हो सकता है। बतौर राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष केंद्र सरकार उनको सरकारी आवास मुहैया कराएगी।

केजरीवाल की जान को खतरा: संजय सिंह

उधर, केजरीवाल ने सरकारी सुरक्षा लेने से भी इंकार किया है। आप सांसद संजय सिंह का कहना है कि उनकी जान को खतरा है।पहले भी केजरीवाल पर कई हमले हुए हैं। इसे देखते हुए उनको समझाने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने किसी की भी बात मानने से इंकार किया है। वही, दिल्ली पुलिस का कहना है कि केजरीवाल की सुरक्षा खतरों का आकलन करने के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा।

तीन महीने में खाली करना होगा सरकारी आवास

दरअसल, मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद सरकारी घर खाली करने के लिए तीन महीने का समय दिया जाता है। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने जल्द ही सुविधाएं छोड़ने का फैसला किया है। आप सांसद संजय सिंह ने बुधवार मीडिया को बताया कि केजरीवाल सभी सरकारी सुविधाएं अगले 15 दिनों में छोड़ देंगे।

अंतरिक्ष में लगेगी बड़ी छलांग, दिसंबर 2028 तक देश का पहला स्टेशन होगा स्थापित

नई दिल्ली। चंद्रयान –3 की सफलता के बाद भारत अब अंतरिक्ष के क्षेत्र में और बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में है। जल्द ही वह अंतरिक्ष से जुड़े अपने चार और मिशनों को अंजाम देगा। जिसमें अंतरिक्ष में स्थापित होने वाला पहला अंतरिक्ष स्टेशन भी शामिल है। जो दिसंबर 2028 तक स्थापित हो जाएगा। इसके साथ ही अंतरिक्ष में अपना स्टेशन स्थापित करने वाला भारत दुनिया का तीसरा देश बन जाएगा। मौजूदा समय में अंतरिक्ष में दो ही स्टेशन है। इनमें पहला स्टेशन अमेरिका, रूस व यूरोपीय देशों के सहयोग से स्थापित है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्टेशन कहा जाता है, जबकि दूसरा स्टेशन चीन का है।

अंतरिक्ष से जुड़े चार प्रमुख प्रस्तावों में मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े चार प्रमुख प्रस्तावों में मंजूरी दी गई। इनमें सबसे अहम पहला अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और गगनयान फॉलो–ऑन मिशन शामिल है। इस पर कुल 20, 193 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

36 महीने में पूरा होगा मिशन

कैबिनेट ने इसके साथ चंद्रयान–4 मिशन को भी अपनी सहमति दे दी है। जो न सिर्फ चंद्रमा पर उतरेगा बल्कि वहां से कुछ चीजें लेकर सुरक्षित वापस भी लौटेगा।

अंतरिक्ष से जुड़े जो अन्य मिशनों में मंजूरी

चंद्रयान–3 के बाद यह उस दिशा में एक बड़ा अभियान होगा। इस पर कुल 2104 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कैबिनेट ने इसके साथ ही अंतरिक्ष से जुड़े जो अन्य मिशनों में मंजूरी दी है, उनमें वीनस (शुक्र) आर्बिटर मिशन है। जिसमें अंतरिक्ष यान वीनस की कक्षा में भेजा जाएगा, जिसके लिए अलग नए लॉन्चिंग व्हीकल को भी तैयारी के लिए मंजूरी मिल गई है।

देश में मंकीपॉक्स का एक और मामला

मल्लपुरम। देश में मंकीपॉक्स का एक और मामला सामने आया है। दुबई से केरल लौटा एक शख्स संक्रमित मिला है। केरल सरकार ने इसकी पुष्टि की है। 38 वर्षीय शख्स का मल्लपुरम जिले में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शख्स में मंकीपॉक्स संक्रमण की पुष्टि हुई है।

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इस फेसबुक पर एक पोस्ट लिखा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में यूएई से आया व्यक्ति एमपॉक्स के लक्षणों के चलते पहले से ही यहां एक अस्पताल में भर्ती था। मंत्री ने विदेश से आने वाले लोगों सहित सभी लोगों से अनुरोध किया कि वे किसी भी लक्षण के साथ इसकी सूचना दें और जल्द से जल्द उपचार लें।

भारत–म्यांमार की 1643 लंबी सीमा होगी सील

नई दिल्ली। हथियारों, गोला–बारूद और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए मशहूर भारत–म्यांमार की 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 31,000 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाई जाएगी। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने सैद्धांतिक रूप से भारत और म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

मोरेह के पास लगाई गई 10 किमी की बाड़

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा था कि सीमा के 30 किलोमीटर हिस्से में बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने इसे मणिपुर में जातीय हिंसा का मूल कारण बताया। मोरेह के पास लगभग 10 किलोमीटर की बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है और मणिपुर के अन्य इलाकों में सीमा के 21 किलोमीटर हिस्से पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है। भारत–म्यांमार सीमा मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। केंद्र सरकार पहले ही भारत–म्यांमार मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर चुकी है, जो सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक–दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति देती थी।

क्या बोला गृह मंत्रालय?

गृह मंत्रालय ने बताया कि पूर्व–सत्यापित भारतीय नागरिकों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों के लिए सात और हवाई अड्डों पर जल्द ही तीव्र आव्रजन निकासी प्रक्रिया (इमिग्रेशन प्रोसेस) शुरू होगी। इनमें मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोचीन और अहमदाबाद एयर पोर्ट शामिल शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन–ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआइ–टीटीपी) को दिल्ली के आइजीआइ हवाई अड्डे पर जून में ही लांच किया जा चुका है।

सम्पादकीय

एक देश–एक चुनाव व्यवस्था

लंबे समय से प्रतीक्षारत केंद्र सरकार का एक महत्वपूर्ण फैसला अब अपनी मंजिल तक पहुंचने की ओर है। भारत में निर्वाचन व्यवस्था एक बेहद जटिल और महंगी प्रक्रिया है जिसमें काफी पैसा भी खर्च होता है। सामान्य तौर पर अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग समय पर विधानसभा चुनाव के साथ–साथ नगर निकाय पंचायत चुनाव कराए जाते हैं, जिसके कारण न केवल प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि बार–बार चुनावों के कारण सरकारों पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है। मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में संभावना जताई गई थी कि समान नागरिकता कानून के साथ "एक देश एक चुनाव" के सिद्धांत पर भी सहमति बन जाएगी। इधर एक देश, एक चुनाव' को लेकर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने रखी गई जिसे कैबिनेट से मंजूरी भी मिल गई है। उम्मीद है कि एनडीए सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में इसे पेश कर सकती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों के एलान से पहले मार्च में यह रिपोर्ट पेश की थी। कैबिनेट के सामने रिपोर्ट पेश करना विधि मंत्रालय के सौ दिवसीय एजेंडे का हिस्सा था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कोविंद समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर लिया है। अब रिपोर्ट को लेकर अधिक विरोध देखने को नहीं मिला और समिति को एक साथ चुनाव कराने के लिए सभी पक्षों से व्यापक समर्थन मिल चुका है जिसे मंत्रिमंडल ने सर्वसम्मति से मंजूरी भी दे दी है। समिति की रिपोर्ट को लेकर अब एक राय भी एकत्रित की जाएगी जिसके बाद राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद इसे विधिवत व्यवस्था में शामिल कर लिया जाएगा। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह व्यवस्था एक अच्छा संकेत है कि बड़ी संख्या में दलों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है। नई व्यवस्था के तहत पहले चरण के तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की गई है जबकि इसके सौ दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जायेंगे। सिफारिशों के क्रियान्वयन पर विचार करने के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' के गठन का भी प्रस्ताव रखा है। एक साथ चुनाव कराने के पीछे उद्देश्य यह है कि जहां एक तरफ भारी भरकम संसाधनों में कमी होगी तो वही कम समय में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जा सकेगी। यही नहीं एक ही तरह की समान मतदाता सूची के साथ मतदाता पहचान पत्र तैयार किए जायेंगे। समिति ने 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं से समर्थन की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, इनके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की जरूरत होगी, जिन्हें संसद से पारित कराना होगा। यह नई व्यवस्था निश्चित तौर पर आजाद भारत का एक बड़ा फैसला होगी जो धन और संसाधन की बचत के साथ–साथ एकरूपता व समानता भी प्रदर्शित करेगी।

नरेन्द्र मोदी के रूप में विशाल भारत को मिला विश्वदृष्टि–सम्पन्न नेतृत्व

डॉ. मोहन यादव

भारत जैसे विशाल देश को विकास के वैश्विक दृष्टि सम्पन्न नेतृत्व की अपेक्षा थी वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में पूरी हो गई है। भारत के हर नागरिक की यही भावना है। इसलिए वे उन्हें मन से चाहते हैं। मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से हमारे लाड़ले प्रधानमंत्री जी को जन्म दिन की अशेष शुभकामनाएं।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री जी की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मध्यप्रदेश से मोदीजी का विशेष अनुराग है। उन्होंने अपने लोकप्रिय कार्यकम "मन की बात" में प्रदेश में हुए कई नवाचारों का उल्लेख कर मध्यप्रदेश का पूरे देश में सम्मान बढ़ाया है। यह हमारे समय का सत्य है कि हम भारत के नवनिर्माण को अपने सामने होता देख रहे है। भारत के नागरिक के रूप में हम नई वैश्विक पहचान के साथ दुनिया के सामने शान से खड़े हैं और गौरवशाली क्षणों को जी रहे हैं। इन मूल्यवान और ऐतिहासिक क्षणों का उपहार देने के लिए हम अपने राष्ट्र नायक नरेंद्र मोदी जी को कोटिशः नमन करते हैं। पूरा देश आज उनका जन्मदिन मना रहा है। वे ऐसे तपस्वी पथ प्रदर्शक हैं, जिनके नेतृत्व में भारत उजाले की ओर बढ़ रहा है। उदासी और अंधेरे को हम पीछे छोड़ आए हैं। भारत को अब ऐसे प्रतिबद्ध जन सेवक का साथ मिला है, जिसके लिए राष्ट्र सवोपरि और नागरिक अमूल्य पूंजी है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दीक्षा और भारतीय जनता पार्टी के संस्कारों में रचे–बसे नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व इतना विशाल हो गया है कि उसे शब्दों में बांधना एक चुनौतीपूर्ण काम है। उनके व्यक्तित्व की ऐसी कई विशेषताएं हैं जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों। हम सब उनसे लगातार सीखते रहते हैं। भारत को नरेंद्र मोदी का नेतृत्व ऐसे समय मिला जब भारत अवसाद में डूबा हुआ अंधेरे की तरफ चल पड़ा था। वैश्विक परिदृश्य में एक कोने में खड़ा दिखाई देता था और इसे एक स्फूर्तिदायक, नई दृष्टि और नई ऊर्जा से भरे नेतृत्व की आवश्यकता थी।

0–राष्ट्रवादी प्रधान नायकःराष्ट्रवादी प्रधान नायक रुप में नरेंद मोदी ने देश में जिस प्रकार राष्ट्रवादी मूल्यों का संचार किया है वह अद्भुत है। इसकी अनुभूति प्रत्येक नागरिक को हो रही है। वर्तमान और भविष्य की एक साथ चिंता उनकी दृष्टि में परिलक्षित होती है। वर्तमान को मजबूत बनाकर भविष्य को सुरक्षित करने का उनका दृष्टिकोण उनकी हर योजना में स्पष्ट रेखांकित होता है। हम कह सकते हैं

कि नये भारत के वास्तुकार के रूप में मोदी जी ने न सिर्फ राजनीतिक बल्कि सामाजिक बुनावट और सोच को भी नये आयामों से देखने का अवसर दिया है। भारत को एक सुगठित राष्ट्र बनाने में उन्होंने जो कला–कौशल दिखाया है वह भारत के इतिहास में प्रमुखता के साथ दर्ज होगा।

0–गुणों की खानः नरेन्द्र मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह आश्चर्यजनक है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है।

अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने सभी भारतीयों को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। मोदी जी स्वयं टैकसेवी है और वे खुद को तकनीक के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों से अपडेट रखते हैं। उनका तकनीकी के प्रति रुझान हमें प्रेरणा देता है कि तकनीकी के साथ बने रहना न सिर्फ स्वयं बल्कि समाज के लिये भी जरूरी है।

0–इतिहास बदलने वाले कदमःप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करने में हम रात–दिन मेहनत करेंगे।

योजनाओं को डिजाइन करते हुए मोदी ने इस बात का भी पूरी तरह ध्यान रखा कि केंद्र और राज्य की भूमिका स्पष्ट हो। उनकी परस्पर जिम्मेदारियां स्पष्ट हों ताकि संघीय ढांचे की गरिमा को पर कोई आंच नहीं आने पाए। सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं आत्मनिर्भर जीवन यापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्यमान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये–नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं।

राष्ट्र नायक मोदी के नेतृत्व में हम सब आशा भरे और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला ऐसा समय देख रहे हैं, जो हमारा सपना था। भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का हमारा सपना जल्दी ही पूरा होगा। आज हम भारतीय इस विकास की गाथा में खुद को भागीदार मानते हैं। "सबका साथ–सबका विकास और सबका विश्वास" के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। हम नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना करने के साथ यह भी प्रार्थना करते हैं कि उनके नेतृत्व में भारत एक समृद्ध राष्ट्र बने और हर नागरिक समृद्धशाली हो।

हार्ट अटैक की दोषी पाम ऑयल

रजनीश कपूर

हार्ट अटैक वाले ज्यादातर लोगों की उम्र 50 साल से कम है। यदि आप सोच रहे हैं कि इस सबके पीछे आपकी जीवन शैली है तो ऐसा सही है। परंतु आपकी जीवन शैली में ऐसी कौनसी कमी है जो हार्ट अटैक का कारण बन रही है? आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका दोषी पाम ऑयल है। ज. साल 2022 में भारत में पाम ऑयल की खपत आठ मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हुई थी।

दिल–ए–नादाँ तुझे हुआ क्या है, आखरि़ इस दर्द की दवा क्या है। मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की यह गज़ल काव्यात्मक और रूपकात्मक रूप से जीवन के शाश्वत व मौलिक प्रश्न पूछती है। ग़ालिब की यह प्रसिद्ध गज़ल, वास्तविकताओं को काव्यात्मक रूप से व्यक्त करने की कुशलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। परंतु आज हम जिस विषय को उठा रहे हैं वह इससे भी ज़्यादा गंभीर है। हृदय रोग से संबंधित बीमारियों और उनसे होने वाली जवान मौतों के बढ़ते हुए आँकड़े हम सभी के मन में कुछ अहम सवाल पैदा कर रहे हैं। कुछ लोग इसे कोविड के लंबे असर से भी जोड़ रहे हैं परंतु कोविड के अलावा भी अन्य कारण हैं जो अल्पायु में हृदय रोग को बढ़ावा दे रहे हैं।

ज़्यादातर देखा गया है कि दिल का दौरा या हार्ट अटैक 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों आता है। दिल का दौरा पडऩे के और कारणों में से प्रमुख है मधुमेह या शुगर के मरीज़ और ब्लड प्रेशर के मरीज़। इन मरीज़ों में हार्ट अटैक की संभावना काफ़ी अधिक होती है। इसके साथ ही धूम्रपान करने वाले व्यक्ति भी दिल के मरीज़ कब बन जाते हैं इसका पता नहीं चलता।

इसका कारण यह है कि धूम्रपान करने से दिल का दौरा पडऩे की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को जब पता चलता है कि वो दिल का मरीज़ बन गया है तब तक काफ़ी देर हो जाती है। 40 वर्ष की आयुवर्ग के लोगों को दिल का दौरा पडऩा अधिक धूम्रपान करने की वजह से होता है। साथ ही जो व्यक्ति तनाव की ज़िंदगी जीते हैं, नियमित व्यायाम नहीं करते, बेवजह और हर समय जंक फूड का सेवन करते हैं। वे भी इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आ जाते हैं।

क्या कभी आप ने सुना है किसी हट्टे–कट्टे व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई? पिछले कुछ वर्षों से ऐसी तमाम खबरें सामने आ रही हैं जहां व्यक्ति अपने रोज़मर्रा के काम या आराम के समय अचानक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। मृत्यु का कारण दिल का दौरा। कुछ लोग इसे चीन से आए कोरोना के वायरस का साइड इफ़ेक्ट बता रहे हैं।

एक शोध के अनुसार अमेरिका में कोविड से ठीक हुए व्यक्तियों में 20 तरह के हृदय रोग के लक्षण पाए गए। इनमें उन लोगों के मुक़ाबले, जिन्हें कोविड नहीं हुआ, हृदय गति रुक जाने या हार्ट फेल होने की संभावना 72 फ़ीसद अधिक पाई गई। इनमें औरों के मुक़ाबले स्ट्रोक आने की संभावना भी 17 प्रतिशत अधिक पाई गई।

हाल ही में इमरजेंसी मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (ईएमआरआई) की एक रिपोर्ट सामने आई है । जिसके नतीजे कहते हैं, हार्ट अटैक वाले ज्यादातर लोगों की उम्र 50 साल से कम है। यदि आप सोच रहे हैं कि इस सबके पीछे आपकी जीवन शैली है तो ऐसा सही है। परंतु आपकी जीवन शैली में ऐसी कौनसी कमी है जो हार्ट अटैक का कारण बन रही है? आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका दोषी पाम ऑयल है।

इतना ही नहीं यह पाम ऑयल मदिरापान और धूम्रपान से कहीं अधिक खतरनाक है। सोशल मीडिया में मुंबई के जगजीवन राम अस्पताल के डॉक्टर पी के समांतराय का एक संदेश काफ़ी चर्चा में है। वे कहते हैं कि, "दुनिया में भारत पाम ऑयल का सबसे बड़ा आयातक है। हमारे देश में पाम ऑयल माफिया बहुत ताक़तवर है। इनके कारण हमारे बच्चे, जो देश का भविष्य हैं, एक बड़े ख़तरे में जी रहे हैं।आज हमारे देश में पाम ऑयल के बिना कोई फास्ट फूड नहीं मिलता। यदि आप किराने की दुकान पर जाते हैं और पाम ऑयल के बिना बच्चों के लिए कोई खाद्य पदार्थ लेने का प्रयास करें तो आप सफल नहीं होंगे। देश में ज़्यादातर बिस्किट और चॉकलेट भी बिना पाम ऑयल के नहीं बनते।"

डॉ समांतराय आगे कहते हैं कि, "हमें विज्ञापनों के द्वारा यह विश्वास दिलाया जाता है कि ऐसे खाद्य पदार्थ स्वस्थ हैं । लेकिन हम जानलेवा पाम ऑयल या पामिटिक एसिड के बारे में कभी नहीं जानते थे। लेज़' जैसी बड़ी कंपनियां पश्चिमी देशों में अलग तेल बेचती हैं और भारत में पाम ऑयल का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए करती हैं क्योंकि यह सस्ता है। जब भी हमारा बच्चा पाम ऑयल युक्त उत्पाद खाता है, तो मस्तिष्क अनुचित व्यवहार करता है और हृदय के आसपास और हृदय में वसा स्रावित करने का संकेत देता है। जिससे बहुत कम उम्र में मधुमेह हो जाता है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि कम उम्र में मरने वाले 50 प्रतिशत लोग मधुमेह और हृदय रोग से मरेंगे। पाम ऑयल माफिया ने हमारे बच्चों को दिल की सुरक्षा करने वाले फलों और सब्जियों को छोडक़र जंक फूड का आदी बना दिया है। अगली बार जब आप अपने बच्चे के लिए कुछ खरीदें, तो उत्पाद का लेबल देखें।" जिस खाद्य पदार्थ में पाम आयल हो उसे कभी न लें। साथ ही हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल के रोग को हल्के में न लें और दिल के प्रति सतर्क रहें।समय समय पर होने वाले शोध भी बताते हैं कि रेडी–टू–ईट और पैकेज्ड फूड्स में अक्सर पाम ऑयल होता है। जो हमारे सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकता है। पाम ऑयल में सैचुरेटेड फैट काफी मात्रा में पाई जाती है। यह बॉडी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ाता है। इसके कारण दिल की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। साल 2022 में भारत में पाम ऑयल की खपत आठ मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हुई थी। यदि हमें अपने हृदय को स्वस्थ रखना है तो अपनी जीवन शैली में उचित सुधार लेन होंगे और अपने बच्चों को भी स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा, वरना भारत में हृदय रोग के आँकड़े बढ़ते ही रहेंगे।

भारतीय राजनीति का असली चेहरा

अजय दीक्षित

चार राज्यों के आसन्न चुनावों में अभी मात्र जम्मू कश्मीर और हरियाणा के चुनावों की घोषणा हुई है । झारखण्ड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की तारीख अभी चुनाव आयोग ने घोषित नहीं की है । महाराष्ट्र में धर्म संकट है । भाजपा नहीं चाहेगी कि अब शिंदे फिर से मुख्यमंत्री बने । वे अपने भाजपा कैडर का कोई नेता को चुनेंगे । यह दूसरी बात है कि शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो जाये । पहले कई चुनावों में शिवसेना और भाजपा ने साथ– साथ चुनाव लड़ा है । फिर यदि शिंदे गुट भाजपा में शामिल हो भी जाता है तो भी भाजपा के पास अपने नेता हैं, महाराष्ट्र में । विपक्षी दलों का आरोप है कि हरियाणा में भाजपा की स्थिति कमजोर है । इसी से उनके अनुरोध पर हरियाणा का चुनाव चार दिन आगे खिसका दिया गया । अब भारत में तो स्थानीय स्तर पर रोज त्योहार होते हैं । अब तर्क कुछ गले नहीं उतरता कि चुनाव आयोग भाजपा के अनुरोध पर चुनाव की तारीख आगे बढ़ानी पड़ी । ऐसे में हरियाणा में कांग्रेस की स्थिति डांवाडोल है। वह मुख्यमंत्री के लिए कई उम्मीदवार हैं । हुड्डा एक हैं, शैलजा और सुरजावाला भी । यूं कांग्रेस हाईकमान ने कहा है कि ये दोनों संसद सदस्य हैं । इसी कारण विधायक का चुनाव नहीं लड़ सकते । राहुल गांधी चाहते थे कि विपक्षी वोट बंटे नहीं । इसी से आम आदमी पार्टी से वे समझौता चाहते थे । परन्तु स्थानीय नेतृत्व अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं । अतः दोनों के बीच वार्ता फेल हो गई । अब आम आदमी पार्टी ने विनेश फोगट के खिलाफ भी अपना उम्मीदवार उतार दिया है । अब इण्डिया एलाइंस का क्या?

दिल्ली में दोनों ने सात सीटों के लिए समझौता करके चार और तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था । जे.एन.यू. के छात्र नेता कन्हैया कुमार सुनीता केजरीवाल से भी मिले थे । अरविन्द केजरीवाल ने कन्हैया कुमारके लिए प्रचार भी कया था । परन्तु कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को असफलता मिली । कांग्रेस ने विनेश फोगट को लेकर जाट वोट पक्के कर लिये हैं । पिछड़ी जाति और अनुसूचित जाति के वोट परम्परा के अनुसार शायद कांग्रेस को ही मिले । परन्तु हरियाणा में जनहित जनता पार्टी और आजाद की पार्टी भी मैदान में है । इस प्रकार विपक्ष के वोट बंटने पर भाजपा को फायदा होगा । विपक्ष का यह भी आरोप है कि वर्तमान भाजपा सरकार हरियाणा में अल्पमतमें हैं । परन्तु राज्यपाल वोटिंग नहीं कराना चाहते । चुनाव से छः महीने पहले भाजपा ने मुख्यमंत्री तो बदला परन्तु जिनको टिकट नहीं मिला, ऐसे भाजपा के दिग्गज नेता अब दूसरी पार्टी से या स्वतंत्र रूप से लड़ रहे हैं । नवीन जिंदल की मां भी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं । अब नवीन जिंदल मां का साथ देंगे या पार्टी का, या अंदर खाने कुछ और पक रहा है । असल में भारत में किसी भी राजनैतिक दल में शुचिता नहीं रह गई है । आर.एस.एस. भाजपा को चेताती रहती है परन्तु मोहन भागवत की कौन सुनता है । भाजपा अध्यक्ष ने तो कुछ महीने पहले इण्डियन एक्सप्रेस में लेख लिखकर कहा था कि भाजपा को अब राष्ट्रीय स्वयं सेवक दल की जरूरत है । पिछले कुछ चुनावों में नीतीश कुमार कभी बीजेपी के साथ थे, कभी विरोधी । असल में भारत में राजनैतिक दलों को अपने लिए कुछ मापदण्ड तय करने चाहिए कि पक्ष और प्रतिपक्ष (विपक्ष नहीं) में परस्पर सामंजस्य हो ।

सोभिता धुलिपाला स्टारर लव सितारा का फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज, 27 सितंबर को जी5 पर होगा प्रीमियर

सोभिता धुलिपाला की नई फिल्म लव सितारा का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज़ हो चुका है. यह फिल्म 27 सितंबर को जी5 पर प्रीमियर के लिए तैयार है.

फिल्म का निर्देशन वंदना कटारिया ने किया है और इसे रोनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है. जी5 ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, यह एक कहानी है प्यार, दिल टूटने और आत्म–खोज की. देखिए लव सितारा, 27 सितंबर से केवल जी5 पर. फिल्म के पोस्टर में सोभिता धुलिपाला के किरदार को दर्शाया गया है, जो फिल्म के गहरे और भावुक विषयों की झलक देता है. लव सितारा की यह कहानी दर्शकों को

प्यार और दिल के दर्द की यात्रा पर ले जाएगी. शोभिता धुलिपाला ने अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए कहा, सितारा का किरदार निभाना मेरे लिए एक बदलावकारी अनुभव रहा है। सितारा एक ऐसा किरदार है जो पारिवारिक गतिशीलता और अपनी पसंद से जूझ रही है। मुझे इस भूमिका की ओर आकर्षित करने वाली बात एक ऐसी महिला की कहानी है जो अपनी कंडीशनिंग से मुक्त होने और खुद के प्रति सच्ची रहने का साहस पाती है। कोविड लॉक-डाउन के दौरान केरल में फिल्मांकन चुनौतीपूर्ण था, लेकिन फायदेमंद भी रहा। मुझे उम्मीद है कि यह दिल को छू लेने वाली कहानी दर्शकों को उतनी ही पसंद आएगी, जितनी कि इसमें शामिल हम सभी को पसंद आई। अर्जुन की भूमिका निभाने वाले राजीव सिद्धार्थ ने फिल्म के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, अर्जुन एक महत्वाकांक्षी शेफ है, जिसकी शादी से ठीक पहले उसकी ज़िंदगी में अचानक बदलाव आता है।

वनडे फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे एडम जम्पा

नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया की आगामी वनडे सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा। इस मुकाबले में एडम जम्पा इस फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे।इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब पहुंचने पर जम्पा ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने देश के लिए वनडे में इतने मैच खेल पाएंगे। वे 100 वनडे खेलने वाले 32वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। साथ ही शेन वॉर्न और ब्रैड हॉग के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे सिर्फ तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर बन जाएंगे। इस खास मौके पर उनकी पत्नी हेरिएट, बेटा यूजीन और माता–पिता डैरेन और एलिसन ट्रेंट ब्रिज में मौजूद रहेंगे।

लुका माजसेन चोट के कारण 6–8 सप्ताह तक इंडियन सुपर लीग से बाहर रहेंगे

मोहाली, पंजाब एफसी के फॉरवर्ड लुका माजसेन रविवार को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ सीजन् के शुरुआती मैच के दौरान लगी चोट के कारण इंडियन सुपर लीग में 6–8 सप्ताह तक फुटबॉल से बाहर रहेंगे। स्लोवेनियाई खिलाड़ी के जबड़े में दो फ्रैक्चर हुए हैं और आने वाले दिनों में उनकी सर्जरी की जाएगी और वह मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। वह चिकित्सा स्थितियों और मेडिकल टीम की मंजूरी के आधार पर सर्जरी के बाद 6–8 सप्ताह में एक्शन में लौट आएंगे। इस घटनाक्रम पर बोलते हुए, फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस

टोपोलियाटिस ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम आगामी मुकाबलों के लिए लुका की सेवाओं को मिस करेंगे। यह केरला ब्लास्टर्स के खिलाड़ी द्वारा किया गया एक अवांछित आक्रमक फाउल था, जिसके परिणामस्वरूप लुका को चोट लगी और हम एक क्लब के रूप में खेल की ऐसी आक्रमक प्रकृति का समर्थन नहीं करते हैं, जिससे कुछ भी हासिल नहीं होता है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने और जल्द से जल्द टीम में वापस आने की कामना करता हूं। लुका ने पेनल्टी को गोल में बदलकर पहला गोल किया और फिलिप मर्जलजैक को केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ विजयी गोल करने में सहायता प्रदान की और आईएसएल अभियान की जीत के साथ शुरुआत की।

हस्तर का जलवा बरकरार, तुम्बाड ने महज 3 दिनों में कमा डाले 7 करोड़ से ज्यादा

13 सितंबर को कई पुरानी फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है. उन फल्मों में तुम्बाड का नाम भी शामिल है जो साल 2018 की सुपरहिटफ फिल्मों की लिस्ट में शामिल की गई थी. हॉरर और रहस्यमयी फिल्म तुम्बाड की री–रिलीज के बाद तीन दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आया है जो जबरदस्त है.

फिल्म के प्रोड्यूसर और लीड एक्टर सोहम शाह ने ये कलेक्शन शेयर किया है. ये फिल्म के लिए बड़ी बात है कि फिर से रिलीज करने के बाद भी लोग इस फिल्म को देखने सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं. इस फिल्म के लिए ये कमाल का वीकेंड साबित हुआ है.

सोहम साहू फिल्म्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्टर शेयर किया गया. इसके कैप्शन में लिखा, तुंबाड की दोबारा रिलीज पर दर्शकों के जबरदस्त रिस्पॉन्स से इंडियन सिनेमा के लिए एक बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि है. वहीं इसके पोस्टर पर तीन दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन बताया गया है.इसके पोस्टर पर लिखा है, ऐतिहासिक वीकेंड. इंडियन बॉक्स ऑफिस पर तीन दिनों में 7.34 करोड़. पहले दिन 1.65 करोड़, दूसरे दिन 2.65 करोड़ और तीसरे दिन 3.04 करोड़ रुपये. तुम्बाड आपके नजदीकी सिनेमाघरों में. बता दें, ये फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी. अब इस फिल्म को फिर से रिलीज करके मेकर्स को और फायदा होने वाला है.

12 अक्टूबर 2018 को रिलीज हुई फिल्म तुम्बाड हिंदी, तेलुगु, तमिल, मराठी और स्वदिस भाषाओं में आई थी. इसका निर्देशन और लेखन राही अनिल बर्व ने किया था, वहीं फिल्म को सोहम शाह फिल्म्स बैनर तले बनाया गया. सोहम शाह इस फिल्म के प्रोड्यूसर के साथ–साथ लीड एक्टर भी हैं.

धूम 4 में खलनायक बन धमाल मचाएंगे सूर्या, अभिषेक बच्चन से होगी भिड़ंत

अभिषेक बच्चन की फिल्म धूम को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। यह फिल्म 27 अगस्त, 2004 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसकी सफलता के बाद साल 2006 में इसका सीक्वल आया था और यह भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई।2013 में इस फिल्म का तीसरा भाग आया था, जिसके बाद से दर्शक धूम की चौथी किस्त का इंतजार कर रहे हैं।अब खबर है कि धूम 4 की स्टारकास्ट में अभिनेता सूर्या शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता सूर्या फिल्म धूम 4 में नजर आ सकते हैं।वह फिल्म खलनायक की भूमिका निभाने वाले हैं।

विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच खत्म हुई तकरार

दोनों ने एक दूसरे का इंटरव्यू लिया

नई दिल्ली, चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर और बल्लेबाज विराट कोहली एक अलग अवतार में नजर आए। दोनों ने एक दूसरे का इंटरव्यू लिया और पुरानी पारियों की यादें ताजा की।

कोहली और गंभीर, जो टीम इंडिया के लिए सभी प्रारूपों में एक साथ खेल चुके हैं जबकि आईपीएल में अलग–अलग टीमों के लिए खेलते हुए एक दूसरे से कई बार भिड़े भी हैं। जब गंभीर को टीम इंडिया का कोच बनाया गया था, तब सबके मन में इनके रिश्ते को लेकर

एक डर था। हर कोई ये सोच रहा था कि आखिर ये दोनों दिग्गज क्रिकेटर एक दूसरे के साथ तालमेल कैसे बनाएंगे लेकिन इस वीडियो के सामने आने के बाद तमाम सवाल खत्म हो गए। बीसीसीआई ने एक्स पर एक इंटरव्यू का टीजर शेयर किया, जिसमें लिखा था, एक बहुत ही खास इंटरव्यू। ये जानने के लिए बने रहें कि आखिर एक दिग्गज माइंड क्रिकेट फील्ड पर कैसे काम करता है। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच खास बातचीत। दोनों भारतीय टीम में कोच और खिलाड़ी के तौर पर ड्रेसिंग रूम साझा करते हैं, तो वे अपने पुराने झगड़ों को भूल चुके हैं। 1 मिनट 40 सेकंड के वीडियो क्लिप को 185,000 से ज्यादा बार देखा गया। इंटरव्यू की शुरुआत में कोहली ने कहा कि यह हम दोनों का मसालेदार इंटरव्यू है जबकि गौतम गंभीर अपनी हंसी कंट्रोल नहीं कर पाए और ठहाके लगाकर हंसने लगे। इस वीडियो में कोहली और गंभीर को वर्षों से विरोधी खिलाडिय़ों के साथ मैदान पर हुई झड़पों पर चर्चा करते हुए देखा जा सकता है। इसमें विराट का पूछा एक सवाल ही पूरे इंटरव्यू को रोमांचक बनाने के लिए काफी था।

एक नजर

कड़ईखाल के दो छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के राजकीय हाईस्कूल कड़ईखाल के छात्र अनीष कुमार और ऋषभ रावत का अलग-अलग आयु वर्ग में राष्ट्रीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्रों के चयन पर विद्यालय परिवार एवं छात्रों के परिजनों ने खुशी जताई है। ये दोनों खिलाड़ी गुजरात और लद्दाख में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखायेगें। स्कूल के व्यायाम शिक्षक प्रमोद सिंह नेगी ने बताया कि अनीष कुमार और ऋषभ रावत ने बीते 12 से 14 सितंबर तक हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। छात्रों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन होने पर शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ ही छात्रों के परिवारों में खुशी का माहौल बना हुआ है। बताया कि हर वर्ष स्कूल के छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए होता है। कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ग्राम पंचायत जयकंडी में बैठक 21 को

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत उप वन संरक्षक की अध्यक्षता में विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत जयकंडी में आगामी शनिवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जयकंडी में भौतिक स्थलीय निरीक्षण के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया जाएगा।उप वन संरक्षक कल्याणी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार (21 सितंबर) को प्रातः 11 बजे से विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत जयकंडी में ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गांव का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से उक्त आयोजित होने वाली बैठक में निर्धारित समय पर आवश्यक सूचनाओं सहित उपस्थित होने की अपील की है।

अगस्त्यमुनि में बहुउद्देशीय शिविर 29 सितंबर को

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि के क्रीड़ा मैदान में 29 सितंबर को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आम जनमानस हेतु विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिविर में आम जनमानस द्वारा दर्ज समस्याओं का निराकरण किया जा सके।उक्त आशय की जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि मा. उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति/मा. प्रशासनिक न्यायाधीश रुद्रप्रयाग की गरिमामयी उपस्थिति में अगस्त्यमुनि के क्रीड़ा स्थल में प्रातः 11 बजे से बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को उक्त आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविर में निर्धारित समय के अनुसार उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

भगवान नारायण की प्रतिमा जोगीवाड़ा में होगी स्थापित

नई टिहरी : श्री बदरीश पंडा पंचायत की ओर से देवप्रयाग स्थित प्राचीन जोगीवाड़ा पंचायत मंदिर में भगवान नारायण की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। देवप्रयाग में गंगा स्नान को आने वाले श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना कर सकेंगे। प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अगले वर्ष कपाट खुलने से पूर्व किया जायेगा। बदरीनाथ धाम तीर्थ पुरोहित समाज की शीर्षस्थ संस्था श्री बदरीश पंडा पंचायत की वार्षिक आम बैठक में इसका निर्णय लिया गया। पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी ने बताया कि भगवान नारायण उनके आराध्य हैं। इसे देखते हुए उनकी प्रतिमा स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंचायत की नियमावली में आवश्यक परिवर्तन के भी प्रस्ताव रखे गए। जिसके लिए तीर्थ पुरोहितो से महत्वपूर्ण सुझाव भी मांगे गए। इसके आधार पर सर्वसम्मति से पंचायत नियमावली में संशोधन किया जायेगा। बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान में प्रभावितो की समिति के साथ सामंजस्य के लिए पंचायत उपाध्यक्ष सुधाकर वाबुलकर और कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया को मनोनीत किया गया। (एजेंसी)

राष्ट्रीय राजमार्ग पर आया मलबा, थमा यातायात

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ रही चुनौती

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : यदि आप कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य सफर करने की सोच रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। दरअसल, वर्षाकाल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी से गिर रहे बोल्डर कब आपकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

हल्की बारिश में ही बोल्डर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रहा है। बुधवार को भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबा आ गया था। मौके पर पहुंची जेसीबी मशीन में मलबे को हटाकर यातायात सुचारु करवाया। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य 15 किलोमीटर का सफर चुनौती बनता जा रहा है। जुलाई माह में जहां दुर्गा मंदिर के समीप पहाड़ी का हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया था। वहीं, अब भी हल्की बारिश होने पर जगह-जगह इस तरह का खतरा बना हुआ है। पांच से अधिक स्थानों पर सड़क का अधिकांश हिस्सा पूरी तरह से ढह चुका है। तिलबाढांग पुलिस चौकी से दुगड्डा के बीच करीब बीस से अधिक डेंजर जोन बनें हुए हैं। इन डेंजर जोन से गुजरते समय वाहन चालकों की सांसें अटकी रहती हैं। कब पहाड़ी से गिरने वाला बोल्डर व मलबा वाहन चालकों के जीवन में भारी पड़ जाए, कहा नहीं जा सकता। बुधवार सुबह करीब 11 बजे हल्की बारिश के कारण आमसौड़ से करीब पांच सौ मीटर पहले पहाड़ी का हिस्सा ढह कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया। गनीमत यह रही कि उस समय मौके से कोई भी वाहन नहीं गुजर रहा था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। मौके पर पहुंची जेसीबी ने करीब एक घंटें की कड़ी मशक्कत के बाद मलबे को हटाकर यातायात सुचारू करवाया।

नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग से मलबा हटाती जेसीबी

सड़क पर गोवंश छोड़ने वालों पर हो कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने गो वंश को सड़क पर खुला छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल को भेजे ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि खुले गो वंश के कारण सड़कों पर जाम लगने और दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। नगर निगम क्षेत्र के कई मोहल्लों में लोगों ने गोशालाएं बना रखी हैं। वे दूध निकालकर गो वंश को खुला छोड़ रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन नगर निगम इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जनहित को देखते हुए इस संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, सीपी धूलिया, एस के नौगाईं और विनोद ध्यानी आदि पूर्व सैनिक शामिल रहे।

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत, आंदोलन की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विभिन्न संगठनों ने कुछ लोगों पर राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के समीप सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। कहा कि यह व्यक्ति उक्त भूमि पर कब्जा कर यहां शौचालय का निर्माण करवाना चाहता हैं। जिसका संगठन विरोध करता हैं। कहा कि यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो संगठन एकजुट होकर आंदोलन करेगा। इस संबंध में सदस्यों ने तहसील में पहुंचकर उपजिलधिकारी को ज्ञापन दिया। राजकीय इंटर कालेज के समीप सरकारी भूमि पर एक व्यक्ति स्थाई निर्माण कर रहा है। उक्त व्यक्ति अपने को लखनऊ का रहने वाला बता रहा है। साथ ही शासन-प्रशासन को निर्माण करवाने के एवज में पांच लाख रूपए दिए जाने की बात कह रहा है। कहा कि मंगलवार देर रात को उक्त व्यक्ति ने सड़क पर गड्ढे खोद कर वहां कालम खड़े कर दिए। स्थानीय लोगों के विरोध जताने के साथ ही स्वयं स्थाई निर्माण कार्य को रूकवा दिया। साथ ही इस संबंध में पुलिस को भी सूचना दी। मांग पत्र में सरकारी भूमि पर निर्माण करने वाले व्यक्ति पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस मौके पर विनोद डबराल, रंजना रावत, दिलवर प्रताप सिंह, प्रवेश रावत, राजीव जखमोला, कृपाल सिंह, प्रदीप नेगी, विजय नेगी, मनोज रावत, महावीर सिंह नेगी मौजूद रहे। इधर, विद्यालय से सटी सरकारी भूमि पर निर्माण के खिलाफ वरिष्ठ नागरिक संगठन, शिक्षक अभिभावक संघ, अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासंगठन, विद्यालय प्रबंध समिति ने भी उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन सौंप कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

कांग्रेसियों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

भाजपा नेताओं पर लगाया राहुल गांधी पर गलत बयानबाजी का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गलत बयानबाजी कर रहे हैं। इसके विरोध में कांग्रेसियों ने पौड़ी में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों के भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया।

बुधवार को मंडल मुख्यालय पौड़ी के कलक्ट्रेट गेट के समीप कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा नेताओं और केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर हो रहे विवादित बयानों पर केंद्र सरकार खामोश है। यदि भाजपा के कैबिनेट मंत्री पर अगर कोई टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ तुरंत एक्शन होता है जबकि देश के नेता प्रतिपक्ष पर ऐसी बयान बाजी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने इस मौके पर आक्रेश बताते हुए भाजपा की केंद्र सरकार का पुतला दहन कर कार्रवाई की मांग की। कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी से विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भाजपा नेता अपनी इस अनर्गल बयान बाजी से बाज नहीं आए तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, नीलम रावत, भरत रावत, आयुष भंडारी, मोहित सिंह, संजना गुजराल, मनमोहन डेनियल, युद्धवीर सिंह, आस्कर रावत, उपेंद्र रावत आदि शामिल थे।

समिति ने उठाई नालियों की सफाई करवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि वर्तमान में लगातार डेंगू व अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैल रही हैं। ऐसे में नगर निगम को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। समस्या के संबंध में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। बताया कि नियमानुसार वर्षाकाल में समय-समय पर नालियों की सफाई होनी चाहिए। लेकिन, कोटद्वार नगर निगम अपनी जिम्मेदारी को लेकर लापरवाह बना हुआ है। शिब्बूनगर व सुमन मार्ग में खुली नालियों में वर्षा जल भरा हुआ है, जिसमें लगातार मच्छर व कीड़े पनप रहे हैं। ऐसे में स्कूलों के आसपास बच्चों को सबसे अधिक खतरा बना हुआ है। साथ ही राहगीरों के नाली में गिरने का भी भय बना हुआ है। बताया कि वर्तमान में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां फैल रही है। ऐसे में नगर निगम को जल्द से जल्द नालियों की सफाई करवाते हुए इसके ऊपर से स्लैब का निर्माण करवाना चाहिए। समिति ने नगर निगम से वार्डों में दवा का छिड़काव भी करवाने की मांग की है। कहा कि डेंगू से बचाव को जागरूकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए।

कंप्यूटर साइंस के भावी इंजीनियरों ने दिखाई प्रतिभा

पोस्टर डिजाइन, साइंस मॉडल और टैक्नो प्रस्तुति प्रतियोगिता में 56 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में इंजीनियर्स डे मनाया गया। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी कोर्स के 56 भावी कंप्यूटर इंजीनियरों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का कालेज के एमडी बीएस नेगी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विकास में इंजीनियरों की बड़ी भूमिका होती है। आज कंप्यूटर इंजीनियर डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से देश की आर्थिकी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपनी शिक्षा के माध्यम से अपने परिवार कालेज और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के निर्णायक प्राध्यापक सुरेंद्र जगवान, प्रदीप भट्ट, आशुतोष धर द्विवेदी, दीप्ति ध्यानी और कार्यक्रम संयोजक सुबोध केष्टवाल द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता में राखी और आकांक्षा ने संयुक्त रुप से प्रथम, साक्षी, सोना ने द्वितीय और निखिल, दिव्यानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइंस मॉडल प्रतियोगिता में देवाशीष ने पहला, अनुज, खुशी ने दूसरा और शिभम, सलोनी जोशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टेक्नो प्रस्तुति प्रतियोगिता में खुशी, हिमांशु पहले, परिधि दूसरे और शुधांशु, अक्षत तीसरे स्थान पर रहे। कालेज के डायरेक्टर एडमिन ले. कर्नल बीएस गुसाई (सेनि.), प्रभारी डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. अश्वनी शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, एचओडी होटल मैनेजमेंट पंकज कुकरेती ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, प्राध्यापक अमन रावत, रिदा मंतशा, आकाश रावत, संदीप आर्य, अनीता रावत आदि मौजूद रहे।

आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी

कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया। कहा कि भाजपा के नेता लगातार नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। लेकिन, देश की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

कांग्रेसियों ने झंडाचौक के समीप भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे है। कहा कि इस प्रकार की घटिया बयानबाजी से समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की आपत्तिजनक बयानबाजी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप कर भाजपा नेताओं की आपत्तिजनक बयानबाजी पर रोक लगवाने की मांग की है। इस मौके पर संजय मित्तल, विजय रावत, शोभा कंडारी गोयल, शहनाज शम्सी, लता, मधु शर्मा, होशियार सिंह, दान सिंह रावत, भूपाल अधिकारी, मानसेर सैनी, गणेश नेगी, प्रवीन जोशी, देवेंद्र सिंह नेगी, कमल बिष्ट, हेमचंद पंवार, धर्मेंद्र रावत, सुनील सेमवाल, सरदार महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

कोटद्वार के झंडाचौक में भाजपा का पुतला दहन करते कांग्रेसी

ग्रामीणों ने लिया बाहरी लोगों को जमीन न बेचने का निर्णय

नई टिहरी : बाहरी व्यक्तियों को जमीन न बेचने का चंबा ब्लॉक के माणदा गांव के लोगों ने भी निर्णय लिया है। इस बाबत गांव में बाहरी व्यक्तियों को जमीन न बेचने की सार्वजनिक सूचना का बोर्ड लगाया गया है। जबकि खरीद-फरोख्त बिचौलिया पर कार्यवाही का मन भी बनाया है। बाहरी व्यक्तियों को जमीनें न बेचने को लेकर जनपद टिहरी गढ़वाल के गांवों में निरंतर जागरूकता का प्रसार कर निर्णय लिया जा रहा है। जिस क्रम में चंबा ब्लाक के माणदा गांव के ग्रामीणों ने गांव में प्रधान भगवान सिंह विष्ट की अध्यक्षता में खुली बैठक कर निर्णय लिया की कोई भी ग्रामीण बाहरी व्यक्तियों को अपनी जमीनें नहीं बेचेगा। न ही कोई जमीन बाहरी व्यक्ति को बेचने के लिए प्रेरित करेगा। गांव की जमीनों की खरीद-फरोख्त करने में बिचौलिये का काम करने वाले पर भी कड़ी कार्यवाही ग्रामीण करेंगे।

सवारियां ले जा रहे निजी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पर्वतीय टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने निजी वाहनों से सवारियों को ले जाने का विरोध किया है। इस संबंध में महासंघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। महासंघ ने कहा है कि निजी वाहनों का प्रयोग व्यवसायिक वाहनों की भांति होने से वाहन स्वामियों को नुकसान हो रहा है और सरकार को भी टैक्स नहीं मिल रहा है। ऐसे निजी वाहनों को परिवहन विभाग के सहयोग से भी पकड़ा गया था। लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं हो रहा है।

महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि चारधाम यात्रा में अन्य प्रदेशों के वाहन आ रहे है। साथ ही निजी वाहन भी सवारियां ले जा रहे हैं, ऐसे में वाहन स्वामियों को नुकसान हो रहा है। चारधाम यात्रा में ऋषिकेश और हरिद्वार से बाहरी प्रदेशों के वाहन आने से प्रदेश के वाहन स्वामी यात्रा के दौरान भी आर्थिक नुकसान ही उठा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ऑनलाइन ऐप के जरिए निजी वाहन घर से ही बुकिंग की सुविधा देते हुए सवारियां ले जा रहे हैं। टैक्सी स्टेडों पर वाहनों को सवारियां नहीं मिल पा रही है। डीएम से मांग की गई है इसके साथ ही डग्गामार वाहनों को लेकर भी सख्त कदम उठाएं जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो वाहन स्वामी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

अर्नगल बयानबाजी पर केंद्र सरकार का फूंका पुतला

नई टिहरी : भाजपा के विधायकों और मंत्रियों की ओर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ लगातार अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने पर बुधवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी कह। बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा, आशा रावत, शहर अध्यक्ष कुलदीप पंवार और प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भारी बारिश के बावजूद हनुमान चौराह पर एकत्रित होकर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर सरकार का पुतला जलाया। कहा कि भाजपा और उसके विधायक, मंत्री, सहयोगी लगातार कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के कारण इस बार भाजपा 240 सीटों पर सिमट कर गठबंधन सरकार बनाने को मजबूर हुई। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद से राहुल नकल, पेपरलीक, नीट एग्जाम, एजेंसियों का दुरुपयोग, आरक्षण बचाने को लेकर निरंतर पीएम मोदी सहित सरकार का विरोध कर रहे हैं। जिससे अब सरकार परेशान होकर राहुल के खिलाफ गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी कर देश का अपमान कर रहे हैं। जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। सड़क से लेकर संसद तक भाजपा के खिलाफ हल्ला बोला जाएगा। प्रदर्शनकारियों में ममता उनियाल, अनीता रावत, मीना शाह, सलोनी शाह, कल्पना, करुणा, कल्याणी, मुरारी लाल खंडवाल, देवेंद्र नौड़ियाल, गंगा भगत नेगी, गब्बर सिंह रावत, निहाल सिंह नेगी मौजूद रहे। (एजेंसी)

बसंती अध्यक्ष और पूनम को मिली सचिव की जिम्मेदारी

चमोली : लक्ष्मी नारायण जायका स्वायत सहकारिता नारायणबगड़ की वार्षिक बैठक का आयोजन स्थानीय एक लॉज में संपन्न हुई। जिसमें नई कार्यकारी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से बसंती देवी अध्यक्ष और पूनम देवी सचिव चुनी गई। नारायणबगड़ प्रखंड के अंजली लॉज में बुधवार को लक्ष्मी नारायण जायका स्वायत सहकारिता की पांचवी आम बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष पूनम रावत द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया। वन क्षेत्राधिकारी अलकनंदा वन प्रभाग महिपाल नेगी, शाखा प्रबंधक और कोऑपरेटिव बैंक नारायणबगड़ रोहित तथा एडीओ कोऑपरेटिव रमेश कुनियाल की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने निर्विरोध रूप से बसंती देवी को अध्यक्ष, सुनीता देवी को कोषाध्यक्ष, पूनम देवी सचिव, बारेश्वरी देवी उपाध्यक्ष चुनी गई।

निबंध प्रतियोगिता में शिवम और अनन्या ने मारी बाजी

एसजीआरआर स्कूल लालपानी में मनाया जा रहा हिन्दी पखवाड़ा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में शिवम नेगी एवं जूनियर वर्ग में अनन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने निबंध प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों के लिए भाषण, वाद-विवाद, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सीनियर और जूनियर वर्ग में हिन्दी भाषा का विकास कैसे किया जाए विषय पर निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में शिवम नेगी, अभिनव नेगी, आयुषी बुड़ाकोटी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में अनन्या ने प्रथम, गौरी नेगी ने द्वितीय एवं अक्षिता नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शिक्षिका श्रीमती मीना थलेड़ी, कविता जजेड़ी, मालती पोखरियाल ने निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने बताया कि हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विद्यालय में वाद-विवाद, कविता वाचन, निबंध प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। उन्होंने छात्रों से हिन्दी भाषा में काम करने की अपील करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा पर हमें गर्व करना चाहिए और हिन्दी भाषा के प्रसार-प्रसार के लिए हमेशा अपना योगदान दें। कहा कि हिंदी भाषा को महत्व देने की शुरूआत हमें अपने घरों से करनी चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राएं एवं प्रधानाचार्य विभाकर डबराल।

बहुउद्देशीय शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन : पर्यटन नगरी लैंसडौन में छावनी परिषद के तत्वाधान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्र व राज्य वित्त पोषित योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लोगों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण भी किया गया। छावनी परिषद ने पहली बार स्वच्छता ही सेवा 2024 मिशन के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया। गांधी चौक में लगाए गए शिविर में 12 विभागों की ओर से स्टॉल लगाएं गए। पर्यटन नगरी और आसपास के क्षेत्र में पलायन होने की वजह से शिविर में बहुत अधिक संख्या में लोग नहीं पहुंच पाए। इस दौरान जयहरीखाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छावनी चिकित्सालय की ओर से आयोजित शिविर में 52 मरीज का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। विद्युत विभाग की ओर से 12 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि बाल विकास व समाज कल्याण विभाग की ओर से राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 42 लोगों ने प्रतिभाग किया। पहाड़ों में पलायन होने के कारण शिविरों में अधिक लोग नहीं पहुंच पाए। शिविर में छावनी परिषद के एई समर सिंह, राणा सफाई निरीक्षक दीपक मिश्रा, डॉक्टर एसपी नैथानी, भावना वर्मा आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	164-DRM-MB-24-25 Dt. 17.09.2024	165-DRM-MB-24-25 Dt. 17.09.2024	166-DRM-MB-24-25 Dt. 17.09.2024	172-DRM-MB-24-25 Dt. 17.09.2024	173-DRM-MB-24-25 Dt. 17.09.2024
कार्य का नाम	Provision of infrastructural facilities, monitoring mechanisms, FOIS/TMS and facilities for merchants at Roza Good Shed.	Heavy Repair and Replacement of damage Door/Window of staff Quarters at Roza station in section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN.	Civil work in c/w with maintenance of Bridges, FOB, ROB/RUB and other associated works under ADEN/BE.	Maintenance of Bridge's in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN.	Annual Repair of Bridge as per Bridge Inspection Register in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	11.10.2024 16:00	11.10.2024 16:00	11.10.2024 16:00	11.10.2024 16:00	11.10.2024 16:00
अनुमानित लागत	3,28,58,375.52	69,90,787.25	74,88,865.60	69,99,822.97	64,99,940.66
धरोहर राशि	3,14,300.00	1,39,800.00	1,49,800.00	1,40,000.00	1,30,000.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	27.09.2024 16:00	27.09.2024 16:00	27.09.2024 16:00	27.09.2024 16:00	27.09.2024 16:00
आफर की वैधता	60 Days	60 Days	60 Days	60 Days	60 Days
कार्य पूर्ण करने की अवधि	08 Months	08 Months	12 Months	12 Months	12 Months

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 17.09.2024 2897/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

पेड़ गिरने से पैदल रास्ता बंद, लोग परेशान

चमोली : सिमली बाजार से विद्यापीठ व टटेश्वर मंदिर जाने वाले पैदल मार्ग पर बुधवार को एक पीपल का पेड उखड़कर गिर गया। इससे पैदल मार्ग बंद हो गया। ऐसे में मार्ग पर आवाजाही करने वालों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता गोपी डिमरी ने प्रशासन से जल्द उखड़े हुए पेड़ को हटाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे वर्षों पुराना यह पेड़ गिरा है। हालांकि जब पेड़ गिरा उस समय वहां से लोगों की आवाजाही नहीं हो रही थी। (एजेंसी)

बरसाती पानी बाजार में आने से दिक्कत

चमोली : मंगलवार रात को बारिश आने से कर्णप्रयाग बाजार में सिमली रोड़ से कीचड़ व पानी आने से लोग परेशान हैं। व्यापारी हरीश सती, कुलदीप सिंह, सुभाष सती व टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन नवानी ने बताया कि पिछले दिनों सिमली रोड़ पर मलबा आया था। जिसे अभी तक पूरी तरह से नहीं हटाया गया है। बारिश के दौरान सड़क किनारे जमा मलबा मुख्य बाजार की तरफ बह रहा है। इससे बाजार में कीचड़ व पानी जमा हो रहा है। साथ ही वाहन चलते समय छींटे पड़ रहे हैं। पैदल आवाजाही करने वालों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने एसडीएम को पत्र देकर जल्द व्यवस्थाएं दुरस्त करने को कहा है।

सोनप्रयाग से भेजे तीर्थ यात्री केदारनाथ

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की यात्रा में मौसम लगातार मुश्किलें पैदा कर रहा है। मंगलवार रात से हो रही बारिश के चलते बुधवार को यात्री सुरक्षा के चलते प्रशासन और पुलिस ने सोनप्रयाग में तीन घंटे यात्रियों को रोके रखा। मौसम अनुकूल होते ही सुबह 9 बजे के बाद करीब 7 हजार यात्रियों को केदारनाथ भेजा गया। केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले यात्रियों की संख्या में अब लगातार इजाफा हो रहा है। मंगलवार को केदारनाथ धाम में 4363 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए जबकि इस सीजन में अब तक कुल 11,39,694 तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार रात से हो रही बारिश के चलते सोनप्रयाग में भूस्खलन जोन पर खतरा बना है जिसके चलते प्रशासन और पुलिस ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए तीन घंटे यात्रियों को रोके रखा। मौसम अनुकूल होने पर ही सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए यात्रियों की आवाजाही कराई गई। (एजेंसी)

सिमली बाजार में धूल से परेशान लोग

चमोली : सिमली बाजार में पिछले दिनों गदेरे से आया मलबा अभी तक पूरी तरह से नहीं हटाया जा सका है। जिससे कर्णप्रयाग-रानीखेत हाईवे पर सिमली बाजार में धूल उड़ रही है। जिससे दुकानदारों का सामान खराब हो रहा है। साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चों को धूल से दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा है। साथ ही स्टेट बैंक में आने वाले बुजुर्ग लोगों को धूल से दिक्कत हो रही है। उन्होंने जल्द सड़क से पूरी तरह मलबा हटाने की मांग का ज्ञापन एसडीएम को दिया है। (एजेंसी)

उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष आज रूद्रप्रयाग भ्रमण पर

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुरुवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान उनके द्वारा अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधियों से शिविर के माध्यम से भेंट की जाएगी। साथ ही जिला कार्यालय सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए अद्यतन स्थिति की समीक्षा भी की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार (19 सितंबर) को उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष जनपद भ्रमण पर रहेंगे। बताया कि इस दौरान मा. अध्यक्ष जिला कार्यालय सभागार में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जनपद के अंतर्गत अनुसूचित जाति के समस्त जन प्रतिनिधियों से भेंट करेंगे।

भू कानून जल्द लागू कराने की मांग

देहरादून। भू कानून लागू कराने को भू अध्यादेश अधिनियम अभियान ने नए सिरे से मुहिम तेज किए जाने का ऐलान कर दिया है। अभियान के संस्थापक शंकर सागर ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को ज्ञापन देकर भू कानून जल्द लागू कराने की मांग की। मुख्य सचिव को दिए ज्ञापन में कहा कि हिमाचल की तर्ज पर भू कानून लागू कराने को लंबा आंदोलन चलाया गया।

डीएम ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों के साथ बद्रीनाथ हाईवे पर कमेडा, चटवापीपल और नंदप्रयाग में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को जल्द से जल्द हाईवे सुचारू करने के साथ ही भूस्खलन क्षेत्रों पर स्थाई ट्रीटमेंट हेतु शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ताकि चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चटवापीपल के पास भूस्खलन क्षेत्र में तत्कालिक समाधान के लिए गेबियन वॉल लगाने के साथ यहां पर सड़क को कम से कम 6 मीटर तक चौड़ा किया जाए। भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्रों के दोनों तरफ चेतावनी साइन बोर्ड लगाए जाए।

सुरक्षा के लिए हाईवे पर खाई की तरफ ड्रम और रिफ्लेक्टर लगाए जाए। ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के आसपास अतिरिक्त मैनपॉवर और मशीनों की तैनाती रखी जाए। जिलाधिकारी ने डीजीएम को भूस्खलन क्षेत्रों के स्थायी समाधान के लिए तकनीक सर्वेक्षण कराने के निर्देश भी दिए है। कमेडा में निरीक्षण के दौरान एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि कमेडा स्लाइड जॉन के ट्रीटमेंट के लिए शासन से 5.50 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो गई है। शीघ्र ही कमेडा में स्थायी ट्रीटमेंट का काम शुरू किया जाएगा। जबकि नंदप्रयाग में करीब आधा किलोमीटर पर डेवलप नए भूस्खलन जॉन का सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद जल्द ही नंदप्रयाग स्लाइड जॉन के स्थायी ट्रीटमेंट के लिए काम शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नंदप्रयाग में हाईवे पर भूस्खलन से आए मलबे का भी त्वरित निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों दिए। कमेडा और नंदप्रयाग में भारी भूस्खलन से हाईवे बार बार बाधित हो रहा है। जबकि चटवापीपल के पास नया भूस्खलन जोन डेवलप होने से विगत चार दिनों से चारधाम यात्रा प्रभावित हुई है। कार्यदायी संस्था यहां पर निरंतर काम कर रही है। हाईवे बंद होने पर जिला प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को उचित स्थानों पर ठहराने के साथ भोजन, पेयजल और अन्य राहत सामग्री बांटी जा रही है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम एसके पांडेय, एनएचआईडीसीएल के प्रबंधक अंकित सोलंकी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

युवा कांग्रेस ने किया भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन

चमोली : युवा कांग्रेस ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री द्वारा राहुल गांधी को आतंकवादी कहने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सहयोगी शिव सेना (शिंदे गुट) भाजपा के पूर्व विधायक तरविन्द्र मारवाह के बयान पर भी आक्रोश जताया। कहा कि भाजपा के नेता और उनके सहयोगी कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर घृणित बयानबाजी कर रहे हैं। खुलेआम जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी भाजपा के ऐसे नेताओं की कठोर शब्दों में निन्दा करती है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के इशारे पर ही इस तरह की ओछी बयानबाजी की जा रही है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शन में नगर कांग्रेस के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह बिष्ट, युवा कांग्रेस नेता सूर्य पुरोहित, जिला महामंत्री संदीप झिंक्वाण, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस ऊषा रावत, कांग्रेस के दशोली ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सजवाण, उपाध्यक्ष एमएल खनेड़ा, गिरीश आर्य, विक्रम लाल शाह, युद्धवीर, मदन सेमवासी, राजेन्द्र लाल, राजेश्वरी सत्ती, लीला रावत, अंन्जू राणा, कांग्रेस उपाध्यक्ष धीरेन्द्र गरोड़िया, बसंती देवी, विजय कंडारी, महेन्द्र नेगी, मनीष नेगी, प्रदीप नेगी, गोपाल रावत, संदीप भंण्डारी आंनद लाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

पूर्व विधायक ने दिलाई भाजपा सदस्यता

नई टिहरी : प्रतापनगर के पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार ने ढुंगमंदार पट्टी के कई गांव भ्रमण कर ग्रामीणों को भाजपा का सदस्य बनाया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है। उन्होंने भाजपा विचारधारा और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से प्रभावित हर व्यक्ति को पार्टी का सदस्य बनाने पर जोर दिया। पूर्व विधायक पंवार ने मंदार, सेमंडीधार ढुंग, देवताधार, मोल्ठा, गहड़, सुनहरीगाड आदि स्थानों का भ्रमण कर संगठन पर्व की जानकारी दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रमेश रतूड़ी, लक्ष्मण रावत, भगवान सिंह राणा, नवीन रमोला, सोबन सिंह गुसाईं, बलवीर पंवार, चिंतामणी ममगाईं, महावीर ममगाईं आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

नियम विरुद्ध पदोन्नत हुए सहायक अभियंताओं को मूल पद पर रिवर्ट किए जाने की मांग

देहरादून। ऊर्जा निगम में अधिशासी अभियंता के खाली पदों पर पदोन्नति को लेकर जोर आजमाइश तेज हो गई है। उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने जूनियर इंजीनियर के पद से एक्सेस कोटे में पदोन्नत हुए सहायक अभियंताओं को मूल पद पर रिवर्ट किए जाने की भी मांग की।

एसोसिएशन के महासचिव राहुल चानना ने एमडी को भेजे पत्र में कहा कि जेई से एई के पद पर पदोन्नति कोटा 33.33 प्रतिशत रहा। यूपीसीएल में जूनियर इंजीनियरों को उस समय 40 प्रतिशत कोटे का लाभ दिया गया, जब ये नियम यूपीसीएल में लागू भी नहीं हुआ था। ऐसे में एक्सेस कोटे में जेई से एई पद पर पदोन्नत हुए जूनियर इंजीनियरों को तत्काल रिवर्ट किया जाए। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं के प्रशिक्षण समय को भी वरिष्ठता में जोड़ते हुए रोटा कोटा का लाभ देने के निर्देश दिए हैं।

पूर्व महासचिव मुकेश कुमार ने कहा कि इन तमाम व्यवस्थाओं को देखते हुए यूपीसीएल मैनेजमेंट अधिशासी अभियंता के खाली पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित करे। हाईकोर्ट के आदेश पर यदि किसी को कोई आपत्ति है, तो उच्च कोर्ट में अपील की जाए। धरना प्रदर्शन कर यूपीसीएल मैनेजमेंट पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार ही सहायक अभियंता के पद पर वरिष्ठता सूची जारी कर पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

राहुल के खिलाफ आपत्तिजनक बयान पर भड़के आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है।

पिछले कुछ दिनों से भाजपा के विधायकों और मंत्रियों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ हिंसक बयान जारी किए हैं। आर्य ने इन बयानों की निंदा की है। बुधवार को मीडिया को जारी बयान में आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के मंत्री, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता को नंबर एक आतंकवादी कह रहे हैं। महाराष्ट्र में सरकार में सहयोगी दल का एक विधायक, नेता प्रतिपक्ष की जुबान काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा कर रहे हैं। दिल्ली में एक भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक, उनका हश्र दादी जैसा करने की धमकी दे रहे हैं।

चमोली के धारकोट के कई मकानों में दरारें

चमोली : चमोली जिले के दशोली विकासखंड के धारकोट के सिमार तोक, धेरा तोक के अधिकांश आवासीय मकानों में दरारें आ रहीं हैं। धारकोट की ग्राम प्रधान सुलोचना तोपाल ने बुधवार को तहसील प्रशासन को ज्ञापन देकर प्रभावित आवासीय मकानों का निरीक्षण कर कार्रवाई और सहायता की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में गजेंद्र तोपाल, कमल सिंह गुसाईं, जय सिंह गुसाईं, हरेन्द्र तोपाल, नरेंद्र तोपाल सहित गांव के प्रभावित परिवार शामिल रहे। उधर, चमोली जिले में बुधवार को 28 लिंक और ग्रामीण सड़कें बंद रहने से प्रभावित क्षेत्र के गांवों में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों को घरेलू गैस, सब्जी, दवा और दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलकर बाजार आना-जाना पड़ रहा है। कुहेड़-सरतोली-मैठाणा

सड़क 9 सितंबर से अवरुद्ध हो गया है। मेड़ ठेली के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह रावत ने बताया सड़क बाधित होने से ग्रामीणों को बरसात में टूटे और ऊबड़ खाबड़ जंगल के रास्तों से बाजार आना पड़ रहा है। (एजेंसी)

सीएस रतूड़ी ने दिए राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण के विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण के विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नैनीताल के हल्द्वानी के गौलापार में स्थित इंदिरा गाँधी अर्न्तराष्ट्रीय स्पोर्टस कॉम्पलेक्स की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्यों के निर्णय के सम्बन्ध में तत्काल एक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के तहत जिलाधिकारी को 1 करोड़ रूपये तक के कार्य तथा सम्बन्धित मण्डलायुक्त को 5 करोड़ रूपये तक योजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के अधिकार के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण के

विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया है। मुख्य सचिव ने विभिन्न जनपदों व रेखीय विभागों को उनकी मांग के अनुसार स्वीकृत की गई 287.48 करोड़ धनराशि पर कार्योत्तर अनुमोदन दिया है। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने पेयजल निगम, पीएमजीएसवाई, लोक निर्माण विभाग व यूपीसीएल को एसडीआरएफ से वित्तीय वर्ष 2024–25 में आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण हेतु 95 करोड़ की धनराशि आवंटित किये जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन दिया है। मुख्य सचिव ने जनपद देहरादून के सहस्त्रधारा मोटर मार्ग के 4 किमी0 चैनेज 3.300 में 48.00 मी0 स्पान स्टील गर्डर सेतु के अपस्ट्रीम में बाढ़–भूस्खलन से बचाव हेतु सुरक्षात्मक कार्य, जनपद उत्तरकाशी के नौगांव–सुनारा–कोटियालगांव मोटर मार्ग के 5 किमी० में क्षतिग्रस्त प्रतिधारक दीवार का सुरक्षात्मक कार्य, उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत पत्थरगाड–नन्दगांव मोटर मार्ग के 1 कि०मी० में सुरक्षात्मक कार्य, एस०डी०एम०एफ० वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत पौन्टी–मोल्डा मोटर मार्ग के 2 कि०मी० में सुरक्षात्मक कार्य, जनपद नैनीताल के भीमताल में अमृतपुर स्थित डहरा पुल के एबेटमेंट की भूकटाव हेतु प्लम ब्लॉक का सुरक्षात्मक कार्य, नैनीताल बाईपास मोटर मार्ग मुख्य जिला मार्ग में ड्रेनेज सुधारीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य, जनपद चमोली के नंदप्रयाग– घाट– सुतोल केनाल मोटर मार्ग के चैनेज 14. 000 एवं 14.025 का सुरक्षात्मक कार्य, केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग, छोटी लिंचोली, कुबेर ग्लेशियर, छानी कैंप में हुए भूस्खलन एवं बादल फटने से प्रभावित पैदल मार्ग का सुरक्षात्मक कार्य, जनपद उत्तरकाशी की मोरी विकासखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नीचे बाढ़ सुरक्षा कार्य, सितारगंज में राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क की सूखी/ बेगुल नदी से सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा योजना जैसे विभिन्न प्रस्तावो पर अनुमोदन दिया है।

कांग्रेस की राजनीतिक केदारनाथ यात्रा की पोल खुली : चौहान

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के खुलासे से साफ हो गया है कि उनकी केदारनाथ यात्रा राजनैतिक थी। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे माहरा के एक वीडियो के आधार पर उन्होंने पूछा कि क्या करण माहरा किसी को प्रत्याशी प्रमोट करने के लिए इस यात्रा को निकाल रहे थे। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में कांग्रेस के टिकट के प्रमुख दावेदार पूर्व विधायक मनोज रावत पूरी यात्रा में महज तीन किलोमीटर चले। इससे साफ है कि कांग्रेस के क्षत्रपों में चुनावों से पहले ही तलवारें निकलने लगी हैं। चौहान ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने वीडियो में स्वीकार किया है कि इस यात्रा का पूर्व विधायक मनोज रावत को बड़ा लाभ मिल सकता था।

उपनल कर्मचारियों का नियमितिकरण मुहिम को जागरूकता अभियान

देहरादून। विद्युत उपनल कर्मचारियों ने नियमितीकरण को दबाव तेज कर दिया है। विद्युत संविदा एकता मंच ने तीनों निगमों पर नियमितीकरण और समान काम का समान वेतन देने देने की मांग की। तीनों निगमों के मैनेजमेंट पर हाईकोर्ट के आदेश को लागू किए जाने की मांग की। विद्युत संविदा एकता मंच के संयोजक विनोद कवि ने कहा कि उपनल से जुड़े सभी कर्मचारी संगठन एक मंच पर आ चुके हैं। चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया जा चुका है। आंदोलन को सफल बनाने को जागरुकता अभियान तेज कर दिया गया है। अधिक से अधिक संख्या में उपनल कर्मचारियों से नियमितीकरण और समान काम का समान वेतन की मांग पर एकजुट होने का आह्वान किया। कहा कि हाईकोर्ट से पहले औद्योगिक न्यायाधिकरण हल्द्वानी तक समान काम का समान वेतन और नियमितीकरण के आदेश कर चुका है। इन आदेशों को लागू करने की बजाय सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई है। तत्काल सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी वापस ली जाए। उपनल कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ सुनिश्चित किया जाए। विशेष ऊर्जा भत्ते में शत प्रतिशत की वृद्धि की जाए। रात्रि पाली भत्ते में विभागीय कार्मिकों के समान बढ़ोत्तरी की जाए। वरिष्ठता के आधार पर वेतन वृद्धि की जाए। पांच वर्ष पर पांच हजार, 10 वर्ष पर 10 हजार और 15 वर्ष की सेवा पर 15 हजार वेतन वृद्धि की जाए। कर्मचारियों की सुरक्षा को शटडाउन एसओपी जारी हो। कैशलेस चिकित्सा सुविधा समेत 50 लाख का बीमा कवर दिया जाए।

चित्रकला, रैली व हस्ताक्षर अभियान से स्वच्छता का संदेश दिया

ऋषिकेश। जिला गंगा सुरक्षा समिति ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रमों में स्वच्छता रैली, हस्ताक्षर अभियान व कला प्रतियोगिता के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। बुधवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत त्रिवेणी घाट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य डॉ. विनोद जुगलान ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का पोषण महत्वपूर्ण है। देश में स्वच्छता एवं समृद्धि के लिए स्वच्छता को आचरण और व्यवहार में लाना होगा। जब तक हम स्वच्छता को अपने व्याहारिक जीवन का हिस्सा नहीं बना लेते, तब तक कोई भी स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता है। स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन जरूरी है। नामित सदस्य डॉ. दीपक तायल ने कहा कि स्वच्छता के लिए हमें गंगा स्वच्छता के प्रति निरन्तर बृहद जनजागरूकता लाने की जरूरत है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल आदर्श नगर के छात्र छात्राओं ने नगर में स्वच्छता रैली निकाली। इसके बाद त्रिवेणी घाट पर चित्रांकन प्रतियोगिता, स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान, स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया।

समापन अवसर पर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मौके पर सफाई आयोग उत्तराखंड के सदस्य राकेश पारछा, परियोजना अधिकारी जिला गंगा सुरक्षा समिति रविकांत पाण्डेय, प्रधानाचार्य गुरु प्रसाद उनियाल, अध्यक्ष रोटरी क्लब भारत खन्ना, रविन्द्र परमार, नरेंद्र खुराना, दिगंबर सिंह, नगर निगम के एसआई अमित नेगी, अभिषेक मलहोत्रा, सीमा पाण्डेय, अपर्णा रावत, साक्षी चौहान सहित आदि उपस्थित रहे।

सीबीएसई नार्थ जोन तीरंदाजी में एसबीपीएस को पांच गोल्ड

देहरादून। सीबीएसई नार्थ जोन तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) के छात्रों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। रुद्रपुर में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने पांच स्वर्ण और दो रजत पदक हासिल किए। वापस आने पर बुधवार को इन खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए बलूनी ग्रुप के एमडी विपिन बलूनी ने शुभकामनाएं दी। कहा कि अब सीबीएसई नेशनल में भी ये खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के अंडर–19 रिकर्व पुरुष वर्ग में रैंकिंग में चैतन्य ने गोल्ड मेडल जीत। जबकि सत्यम ने सिल्वर मेडल हासिल किया। इसी वर्ग की टीम स्पर्धा में चैतन्य,सत्यम और तन्मय ने गोल्ड मेडल जीता।

तालाबंदी पर श्रीदेव सुमन कैंपस कॉलेज में हंगामा

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के ऋषिकेश कैंपस में छात्रसंघ समारोह की इजाजत नहीं मिलने पर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। छात्रसंघ पदाधिकारी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कैंपस में तालाबंदी का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते वह कामयाब नहीं हो सके। नाराज छात्रसंघ पदाधिकारी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कैंपस के प्रशासनिक भवन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया, तो एबीवीपी कार्यकर्ता भी तालाबंदी के खिलाफ उतर आए। दोनों संगठनों ने एक–दूसरे के विरोध में जमकर नारेबाजी की, जिससे दिनभर कैंपस में पठन–पाठन की गतिविधियां प्रभावित रहीं। बुधवार सुबह छात्रसंघ अध्यक्ष हिमांशु जाटव की अगुवाई में छात्रसंघ पदाधिकारी और एनएसयूआई कार्यकर्ता कैंपस में पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक भवन समेत कक्षाओं में तालबादी का प्रयास किया। मामला बढ़ने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस फोर्स को मौके पर बुला लिया, जिसके चलते कैंपस में प्रशासनिक भवन पर पदाधिकारी और कार्यकर्ता तालाबंदी में कामयाब नहीं हो सके। रोकटोक पर उनकी भवन के गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक हुई। तालाबंदी में विफल होने पर पदाधिकारियों के साथ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इसबीच कभी वह नारेबाजी, तो कभी धरना देते दिखे। विरोध–प्रदर्शन में एबीवीपी के कार्यकर्ता भी आ धमके। उन्होंने तालाबंदी का विरोध करते हुए नारेबाजी की, जिससे कैंपस में करीब घंटेभर तक माहौल गहमागहमी भरा रहा। पुलिस फोर्स की मौजूदगी के चलते हालांकि, सुरक्षा और शांति को लेकर किसी तरह के हालात नहीं उपजे। दिनभर चलते धरना–प्रदर्शन और नारेबाजी के दौर में हंगामा करते हुए छात्रसंघ पदाधिकारी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने समारोह की अनुमति की मांग दोहराई।

आज से सांकेतिक धरना : श्रीदेव सुमन विवि के कैंपस कॉलेज ऋषिकेश में गुरूवार यानी आज से छात्रसंघ पदाधिकारी और एनएसयूआई कार्यकर्ता सांकेतिक धरना देंगे।

स्वच्छता, सच्चाई और ऊँचाई जीवन के तीन पिलर : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में भारत सरकार ने स्वच्छता और देशभक्ति का अनुपम संगम हो रहा है। इस हेतु ह्लसलाम तिरंगा – स्वच्छता का उत्सवह्व अभियान की अद्भुत शुरूआत की गयी। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले इस अभियान के अन्तर्गत परमार्थ निकेतन में प्रतिदिन स्वच्छता और देशभक्ति को समर्पित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में किया जा रहा है ताकि जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वच्छता कि लिये प्रेरित भी किया जाये।

ह्लसलाम तिरंगा – स्वच्छता का उत्सवह्व के माध्यम से अपने घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ ही तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने का अनुपम अभियान है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि आईये हम सभी मिलकर महात्मा गांधी जी के स्वच्छता के सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ायें। हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और अपने देश को स्वच्छ और सुंदर बनाएं।

स्वामी जी ने कहा कि स्वच्छता न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि सामूहिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वच्छता, केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य

के लिए भी महत्वपूर्ण है।स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमें सिखाता है कि देश हमें सबकुछ देता है, और हमें भी तो कुछ देना सीखे।स्वामी जी ने कहा कि स्वच्छता, सच्चाई और ऊँचाई जीवन के तीन पिलर हैं इन्हीं पिलरों के आधार पर हम महात्मा गांधी जी की विरासत को सम्भाल कर रख सकते हैं। स्वच्छता के माध्यम से हम अपने समाज को भी स्वस्थ और खुशहाल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर साफ–सफाई से ही आदर्श जीवनशैली, आदर्श ग्राम और आदर्श शहरों का निर्माण सम्भव है।हमें अपने कल्चर, नेचर और फ्यूचर को बचाने के लिये मिलकर कार्य करना होगा और अपने देश व धरा को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखना होगा।श्री राजेश झा और उनकी पूरी टीम में पूज्य स्वामी जी से विनम्र आग्रह किया कि सलाम तिरंगा – स्वच्छता का उत्सव के साथ इस तिरंगा यात्रा को अपना आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्रदान करें ताकि हर घर, हर घाट पर स्वच्छता व तिरंगा हो। उन्होंने कहा कि पूज्य स्वामी जी के मार्गदर्शन में इस यात्रा को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया जा सकता है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com